कर्नाटक सरकार ने 2019 को "जल का वर्ष" घोषित किया

कर्नाटक सरकार ने 2019 को "जल का वर्ष" घोषित किया है। इसका उद्देश्य जल के महत्व पर प्रकाश डालना है तथा इसके संरक्षण के लिए प्रयास करना है। यह घोषणा सभी सरकारी विभागों पर लागू होगी। इसके लिए 50 करोड़ तथा 100 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राशि आबंटित की गयी है। इसके तहत अगले दो वर्षों में राज्य में 14,000 जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जायेगा। इस पहल के तहत जल संचय व संरक्षण के लिए सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों तथा गैर सरकारी संस्थाओं का उपयोग किया जायेगा।

हाल ही में कर्नाटक ने "जलामृत" नामक जल संचय योजना को लांच किया। इस योजना का उद्देश्य सूखे से बचने के लिए उपाय करना तथा जल स्त्रोतों का संरक्षण करना है। इस योजना के तहत राज्य में जल संचय के लिए वैज्ञानिक विधियों का उपयोग किया जायेगा। इसके लिए सैटेलाइट चित्रों तथा भौगोलिक डाटा का उपयोग भी किया जायेगा। यह एक सामुदायिक आन्दोलन होगा, इसका क्रियान्वयन सरकारी विभागों, पंचायती राज संस्थाओं तथा गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा मिलकर किया जायेगा। इस योजना के चार भाग हैं : जल साक्षरता, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, नए जल स्त्रोतों का निर्माण तथा वनीकरण। इसके नियोजन तथा क्रियान्वयन के लिए ग्राम, तालुक, जिला तथा राज्य स्तर पर समितियों का गठन किया जायेगा।

ग्वालियर में दिव्यांगजनों के लिए खेल केंद्र की स्थापना की जायेगी

हाल ही में केन्द्रीय कैबिनेट ने दिव्यांगजनों के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर में खेल केंद्र की स्थापना को मंज़ूरी दी। इस केंद्र से देश में पैरा-स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। इस केंद्र का निर्माण 170.99 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। इस केंद्र का पंजीकरण सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत किया जायेगा। इस केंद्र के लिए 12 सदस्यों वाली गवर्निंग बॉडी का गठन किया जायेगा। दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, 2016 के सेक्शन 30 के अनुसार सरकार को दिव्यांगजनों की खेल गतिविधियों के लिए कदम उठाने चाहिए। इस केंद्र को 2014-15 के दौरान प्रस्तावित किया गया था। वर्तमान में देश में दिव्यांग खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए कोई विशेष केंद्र नही है।

सॉफ्टवेयर उत्पादों के लिए राष्ट्रीय नीति 2019

केन्द्रीय कैबिनेट ने हाल ही में सॉफ्टवेयर उत्पादों पर राष्ट्रीय नीति 2019 को मंज़ूरी दे दी है। इस नीति का उद्देश्य भारत को सॉफ्टवेर उत्पादक देश के रूप में विकसित करना है। सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास फण्ड तथा अनुसन्धान व नवोन्मेष फण्ड के लिए अगले सात वर्षों के लिए 1500 करोड़ रुपये आबंटित किये गये हैं। इस

नीति के द्वारा भारतीय सॉफ्टवेयर उत्पाद उद्योग के निर्माण को बढ़ावा दिया जायेगा। 2025 तक वैश्विक सॉफ्टवेयर उत्पाद बाज़ार में भारत के हिस्से में 10 गुना वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है।

आइडीबीआइ बैंक को मिली ईरान से लेनदेन की जिम्मेदारी

सरकार ने आइडीबीआइ बैंक को ईरान के साथ आयात-निर्यात से जुड़े लेनदेन संभालने की जिम्मेदारी दी है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच सरकार के इस कदम से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। ससे पहले जब ईरान पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए थे, तब रुपये में लेन-देन की जिम्मेदारी यूको बैंक को दी गई थी। भारत इससे पहले यूरोपीय बैंकिंग चैनल के जरिए यूरो में ईरान भुगतान कर रहा था, लेकिन पिछले साल नवंबर से भुगतान के ये माध्यम भी बंद हो गए।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक ऑफ़ जापान के साथ 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय स्वैप अरेंजमेंट पर हस्ताक्षर किये

भारतीय रिज़र्व बैंक तथा बैंक ऑफ़ जापान ने हाल ही में 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय स्वैप अरेंजमेंट पर हस्ताक्षर किये। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार तथा पूँजी बाज़ार में मजबूती आएगी। इस समझौते से दोनों देश अपनी मुद्राओं को स्वैप कर सकते हैं। इस समझौते की शुरुआत 29 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा के दौरान हुई थी।

सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली का सशक्तिकरण

1 मार्च को नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर लेखा के कंट्रोलर जनरल एंथनी लिंज़ुला ने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के सशक्तिकरण के लिए दो फंक्शनलिटी लांच की - बैंकों के प्रदर्शन की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल एप्प, PFMS – डैशबोर्ड। बैंक मॉनिटरिंग मोबाइल एप्लीकेशन का विकास बैंकों के प्रदर्शन की मॉनिटरिंग के लिए किया गया है, यह एप्प विभिन्न मानकों पर बैंकों की मॉनिटरिंग करेगी। सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (PFMS) एक वेब बेस्ड ऑनलाइन सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है, इसका विकास व क्रियान्वयन लेखा के कंट्रोलर जनरल कार्यालय द्वारा किया गया है।

मैकी साल को पुनः सेनेगल का राष्ट्रपति चुना गया

मैकी साल को पुनः सेनेगल का राष्ट्रपति चुना गया। उन्हें चुनाव में 58.27% मत प्राप्त हुए। सेनेगल की निर्वाचन प्रणाली के मुताबिक पहले चरण में उम्मीदवार को 50% मत मिलने के बाद मतदान के दूसरे चरण का आयोजन नहीं किया जाता है। सेनेगल अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित है। सेनेगल की आर्थिक व राजनीतिक राजधानी

डकार में स्थित है। सेनेगल का क्षेत्रफल 1,96,712 वर्ग किलोमीटर है। पहले सेनेगल पुर्तगालियों का उपनिवेश था, बाद में यह फ्रांसीसियों का उपनिवेश बना। सेनेगल ने 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त की।

2022 एशियाड में क्रिकेट शामिल

2022 एशियाई खेलों में क्रिकेट के भी मुकाबले होंगे। 19वें एशियाई खेल चीन के झीजियांग प्रांत की राजधानी हांगझाऊ में 10 सितंबर 2022 से 25 सितंबर 2022 तक होंगे। भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता ने यह जानकारी दी है। हांगझाऊ चीन का तीसरा शहर है, जहां एशियाई खेल होंगे। इससे पहले 1990 में बीजिंग और 2010 में ग्वांगझू में एशियाई खेल हुए थे। 2022 एशियाड में पुरुष और महिला टी-20 क्रिकेट के मैच खेले जाएंगे। इस संबंध में आईओए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को पत्र लिखेगा। एशियाई खेलों में अब तक दो बार क्रिकेट की प्रतियोगिताएं हुई हैं, दोनों बार भारत की पुरुष और महिला टीमों ने हिस्सा नहीं लिया था।

ऑस्ट्रेलिया ने 70 साल पुरानी डीजल ट्रेन को सोलर में बदला

ऑस्ट्रेलिया के बेरॉन बे शहर में दुनिया की पहली सोलर ट्रेन चलने लगी है। इस टूरिस्ट ट्रेन का नाम सनलाइट एक्सप्रेस है। यह बेरॉन बे शहर के 3 किमी के दायरे में चलती है। साल 1949 से इस रूट पर डीजल इंजन से ट्रेन चलती थी। बेरॉन बे रेलरोड कंपनी ने इसे दो साल में सोलर इंजन में बदला।

टाटा स्टील को उत्कृष्टता के लिए 25वीं प्रधानमंत्री ट्रॉफी

वित्त वर्ष 2016-17 के लिए टाटा स्टील, जमशेदपुर को एकीकृत इस्पात संयंत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए 25वीं प्रधानमंत्री ट्रॉफी प्रदान की गई है। केंद्रीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेंदर सिंह ने टाटा स्टील समेत एकीकृत इस्पात संयंत्रों को उनके कार्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए। ये पुरस्कार देश में एकीकृत इस्पात संयंत्रों के कार्य प्रदर्शन को मान्यता देते हैं। दूसरे श्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए इस्पात मंत्री की ट्रॉफी एक करोड़ रूपये के नकद पुरस्कार के साथ जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, विजयनगर को मिली।

चार बैंकों पर आरबीआइ ने लगाया 11 करोड़ रुपये जुर्माना

स्विफ्ट मैसेजिंग सॉफ्टवेयर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण रिजर्व बैंक ने चार बैंकों पर कुल 11 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ये चार बैंक हैं कर्नाटक बैंक, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक (आइओबी) और करुर वैश्य बैंक। सबसे अधिक चार करोड़ रुपये का

जुर्माना कर्नाटक बैंक पर लगाया गया। युनाइटेड बैंक और आइओबी दोनों पर तीन-तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया और करुर वैश्य बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।

रूस ने आइएनएफ हथियार समझौता निलंबित किया

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को शीत युद्धकाल में अमेरिका के साथ हुए हथियार समझौते से पैर पीछे खींच लिए। उन्होंने आइएनएफ समझौते में रूसी भागीदारी को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया। अमेरिका पहले ही रूस पर समझौते के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाकर साझेदारी से बाहर निकल चुका है। इस प्रकार से दुनिया को शीत युद्धकाल से बाहर लाने वाला दो महाशक्तियों के बीच का आइएनएफ हथियार समझौता अब बेमानी हो गया है।

फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन

आतंकी संगठन जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव लाने के बाद फ्रांस ने अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन दोहराया है। उसने कहा कि सुरक्षा परिषद का विस्तार जरूरी है। बता दें कि भारत लंबे समय से ब्राजील, जर्मनी और जापान के साथ मिलकर सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है और इस बात पर जोर दे रहा है कि ये देश इस प्रभावशाली वैश्विक संस्था के स्थायी सदस्य बनने के हकदार हैं।

चीन अंतरिक्ष में स्थापित करेगा सोर ऊर्जा संयंत्र

इन दिनों चीन अन्तरिक्ष में अपना एक बहुत बड़ा सोलर प्लांट लगाने जा रहा है। जिसके जरिए बड़ी मात्रा में बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार अगर यह प्रयोग सफल रहा तो चीन सहित दुनिया के बाकी लोगों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। इस सोलर प्लांट के जरिये इतनी बिजली बनायी जा सकती है, जो लगभग एक पूरे शहर को रोशन करने के लिए काफी होगी। हालांकि इस प्रोजेक्ट में पर्यावरण प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग जैसे खतरों की संभावनाएं भी बहुत ज्यादा हैं क्योंकि इस पूरी प्रक्रिया में माइक्रोवेव या फिर लेज़र के माध्यम से ऊर्जा को अंतरिक्ष से नीचे भेजा जाएगा।

49 दिन से चल रहा कुंभ सम्पन्न

दुनिया के सबसे अनूठे और बड़े आध्यात्मिक पर्व कुंभ में आज महाशिवरात्रि का अंतिम स्नान है। इसके साथ ही 49 दिनों तक चलने वाला मेला संपन्न हो गया। रात 12 बजते ही श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। 15 जनवरी से शुरू हुए कुंभ में तीन मार्च तक 22.95 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना शुरू

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में की। इसके शुरू होने से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। महज 55 रुपये से 200 रुपये महीने भरकर 18 से 40 वर्ष का कोई भी श्रमिक 60 वर्ष की उम्र का होने पर न्यूनतम 3,000 रुपये की पेंशन का हकदार होगा। इसका लाभ लेने के लिए सड़क, दुकान, फैक्ट्री, ठेला, सफाई, अखबार, सब्जी व अन्य सामानों की फेरी लगाने वाले और चाय बेचने वाले भी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सरकार के मुताबिक, 31 मार्च तक देश के एक करोड़ श्रमिकों को इससे जोड़ा जाएगा।

पी.के. बेजबरुआ को पुनः टी बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया

केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने हाल ही पी.के. बेजबरुआ को पुनः टी बोर्ड के चेयरमैन नियुक्त किये जाने को मंज़ूरी दी। वे टी बोर्ड के पहले गैर-आईएएस चेयरमैन हैं। 1903 में इंडियन टी सेस बिल पारित किया गया था, इस बिल के द्वारा चाय के निर्यात पर सेस लगाया गया था। इस सेस से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग भारत में चाय के संवर्धन के लिए किया जाता था। टी बोर्ड की स्थापना 1 अप्रैल, 1954 को चाय अधिनियम, 1953 के सेक्शन 4 के तहत की गयी थी। यह एक संवैधानिक संस्था है, यह बोर्ड केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबन्ध

हाल ही में केंद्र सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू-कश्मीर) पर प्रतिबन्ध लगा दिया है, यह प्रतिबन्ध पांच वर्षों के लिए लगाया गया है। इस प्रतिबन्ध का कारण जमात-ए-इस्लामी के आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध हैं। जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबन्ध जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियों को कम करने के लिए किया गया है। जमात-ए-इस्लामी एक सामाजिक, राजनीतिक तथा धार्मिक संगठन है, इसकी स्थापना 1945 में इस्लामी धर्मशास्त्री अबुल अल मौदूदी ने की थी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के तहत जमात-ए-इस्लामी (जम्मू-कश्मीर) पर प्रतिबन्ध लगाया है। अधिसूचना में कहा गया है कि जमात-ए-इस्लामी उन गतिविधियों में शामिल है जिसके कारण देश की एकता को खतरा उत्पन्न हो सकता है।

गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड में शामिल हुआ प्रयागराज का कुम्भ मेला

महर्षि भारद्वाज के शहर प्रयागराज में संगम तीरे 50 दिन तक चले कुंभ मेले का मंगलवार को समापन हो गया। तीन विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले इस भव्य व दिव्य कुंभ का राज्यपाल राम नाईक के साथ सीएम योगी

आदित्यनाथ ने औचपारिक समापन किया। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुंभ में स्नान तथा पूजा-अर्चना की। सर्वाधिक भीड़ प्रबंधन, सबसे बड़ी स्वच्छता मुहिम, एक साथ सर्वाधिक शटल बसों के संचलन और सामूहिक पेंटिंग अभ्यास के लिए इस कुंभ का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। 15 जनवरी मकर संक्रांति से चार मार्च तक चले दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या भी रिकार्ड रही। यह पहला कुंभ रहा जिस दौरान कैबिनेट की बैठक भी वहां हुई। अपनी कैबिनेट सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान किया।

कप्तान के तौर पर कोहली ने सबसे कम पारियों में 9 हजार रन पूरे किए

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में 40वां शतक लगाया। उन्होंने 116 रनों की पारी खेली। कोहली ने कप्तान के तौर पर नौ हजार वनडे रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे कप्तान हैं। कोहली ने सबसे कम 159 पारियां खेलकर ये रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग (204 पारी) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। भारतीय कप्तान विराट कोहली के वनडे क्रिकेट में 40वें शतक और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को नागपुर के जामथा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में आठ रन से जीत दिलाई। यह भारत की वनडे में 500वीं जीत है।

पहला कॉमन मोबिलिटी वन दिल्ली ऐप लॉन्च

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को दिल्ली का पहला कॉमन मोबिलिटी ऐप-वन दिल्ली लांच किया। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके दिल्ली मेट्रो और बस, दोनों से अपनी यात्रा प्लान की जा सकेगी। कैलाश गहलोत ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए सरकार 3000 नई बसें सड़क पर उतारने की योजना पर काम कर रही है तो वन दिल्ली-वन कार्ड, कनेक्ट दिल्ली रूट और अब वन दिल्ली ऐप लांच किया गया है।

इको फ्रेंडली 'ग्रीन जेल' पर उड़ान भरेगा 'गगनयान'

भारत घोषणा कर चुका है कि अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन- गगनयान को वह 2022 तक अंजाम दे देगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन, इसरो) इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आईआईटी) कानपुर ने स्वदेशी अंतरिक्ष यान के लिए लाजवाब ईंधन- ग्रीन जैल तैयार कर दिखाया है। गगनयान मिशन की दिशा में यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आईआईटी के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग ने अंतरिक्ष यान के लिए जो

विशेष ईंधन 'ग्रीन जैल' तैयार किया है, वह न केवल उसकी रफ्तार दोगुनी करेगा बल्कि मौजूदा ईंधन के मुकाबले 40 फीसद कम प्रदूषण करेगा।

नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड योजना लांच

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अपनी गुजरात यात्रा के दौरान नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC) लांच किया। इस कार्ड का उपयोग देश के सभी सार्वजनिक परिवहन माध्यमों में किया जा सकता है, इस कार्ड का उपयोग मेट्रो, बस, उपनगरीय रेलवे, टोल तथा पार्किंग के भुगतान के लिए किया जा सकता है, यह किसी क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड की भाँती कार्य करता है। नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की परिकल्पना 2006 में राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति के तहत केन्द्रीय आवास व शहरी मामले मंत्रालय द्वारा की गयी थी। इस कार्ड को "एक देश – एक कार्ड" भी कहा जा रहा ।

सबसे कम उम्र की अरबपति बनीं काइली जेनर

काइली जेनर दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति बन गईं हैं। काइली 21 साल की उम्र में कॉस्मेटिक कंपनी की मालकिन है। उनकी कंपनी 'काइलीकॉस्मेटिक्स' 360 मिलियन डॉलर की बिक्री करने में कामयाब रही है। काइली ने तीन साल पहले (साल 2016) अपनी कंपनी की शुरुआत की थी और फिलहाल कंपनी की वेल्यू 90 करोड़ डॉलर आंकी गई है। काइली से पहले ये खिताब फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग के पास था। मार्क 23 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के अरबपति बन गए थे। फोर्ब्स ने मंगलवार को 2153 लोगों की सूची जारी की। इस लिस्ट में अब भी सबसे अमीर अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस ही हैं। उनकी कुल संपत्ति 131 अरब डॉलर है। अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी ने 6 पायदान ऊपर आते हुए 13वें स्थान पर जगह बनाई है। इस लिस्ट में काइला का नंबर 20,57 हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण / इंदौर तीसरी बार अव्वल

स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 के लिए देश के सबसे स्वच्छ शहरों के नाम का ऐलान बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में हुआ। इस सर्वे में इंदौर लगातार तीसरी बार अव्वल रहा है। सबसे स्वच्छ राजधानियों में भोपाल पहले स्थान पर है। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में अहमदाबाद और पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों में उज्जैन ने बाजी मारी है। स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 के तहत कुल 70 कैटेगरी में पुरस्कार दिए गए। सबसे स्वच्छ शहर के साथ ही स्टार रैकिंग और जीरो वेस्ट मैनेजमेंट का पुरस्कार भी इंदौर को मिला। वहीं, मध्यप्रदेश को कुल 19 पुरस्कार मिले हैं। सर्वेक्षण में टॉप करने के चलते इंदौर को सफाई के लिए अब विशेष अनुदान मिलेगा। पिछली बार 20 करोड़ रुपए इंदौर को मिला था।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में विकास कार्यों का उद्घाटन किया

दो दिवसीय गुजरात यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया - अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का पहला चरण, यह 6.5 किलोमीटर लम्बा चरण वस्त्राल को अपैरल पार्क एरिया से जोड़ता है। अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के दूसरे चरण की आधारशिला रखी गयी, यह प्रोजेक्ट मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम को गांधीनगर में महात्मा मंदिर से जोड़ेगा। उन्होंने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड – NCMC लांच किया, यह "एक कार्ड – एक देश" स्वदेश स्वतः किराया संग्रहण प्रणाली पर आधारित है। अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल कैंपस में 1200 बिस्तरों के अल्ट्रा मॉडर्न सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के नए भवन का उद्घाटन किया गया। अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल कैंपस में 590 बिस्तर के कैंसर हॉस्पिटल, 255 बिस्तर वाले चक्षु रोग हॉस्पिटल तथा 360 डेंटल चेयर के डेंटल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। 51 किलोमीटर लम्बी पाटन-बिंदी रेलवे लाइन का उद्घाटन डिजिटल रूप से मालगाड़ी को हरी झंडी दिखा कर किया गया। 78.8 किलोमीटर लम्बी आनंद-गोधरा रेलवे लाइन डबलिंग प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गयी। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री जन औषधि योजना तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्ड कार्ड्स वितरित किये।

जस्टिस एस. ए. बोबडे को नालसा का कार्यकारी चेयरमैन नामित किया गया

जस्टिस शरद अरविन्द बोबडे को भारतीय राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी चेयरमैन के लिए मनोनीत किया गया। उन्हें नियुक्त करने के लिए राष्ट्रपति ने लीगल अथॉरिटीज एक्ट, 1987 के सेक्शन 3 के सब-सेक्शन (3) के क्लॉज़ (बी) का उपयोग किया जायेगा। वे जस्टिस ए.के. सिकरी की जगह लेंगे, जस्टिस सिकरी 6 मार्च को सेवानिवृत्त होंगे। नालसा कस्टडी में व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाता है। इसका गठन लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज एक्ट, 1987 के तहत की गयी थी। यह नागरिक तथा आपराधिक मामलों में निर्धन व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाता है।

इसरो ने लांच किया युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) ने युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम लांच किया, इसका उद्देश्य छात्रों को अन्तरिक्ष टेक्नोलॉजी, अंतिरक्ष विज्ञान तथा उपयोग के आधारभूत पहलुओं से परिचित करवाना है। युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के लिए इसरो देश भर से 100 छात्रों को चुनेगा और उन्हें सैटेलाइट निर्माण की व्यवहारिक प्रक्रिया के बारे में बताया जायेगा। युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में दो सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसका आयोजन ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान किया जायेगा। इसरो देश के विभिन्न भागों में 6 इन्क्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना करेगा, यह केंद्र होंगे – उत्तरी, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य तथा उत्तर-

पूर्व। इन केन्द्रों में छात्र भी अनुसन्धान व विकास कार्य कर सकेंगे। इसके तहत पहले केंद्र की स्थापना त्रिपुरा के अगरतला में की गयी थी।

भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने देश भर में 22 जीपीएस स्टेशनों की स्थापना की

भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने देश भर में 22 जीपीएस स्टेशनों की स्थापना की। इन स्टेशनों का उपयोग भूकंप की दृष्टि से खतरनाक क्षेत्रों की पहचान करने के लिए किया जाएगा, इससे मानचित्रण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। भूमिसंवाद : खनन मंत्रालय ने भू-वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के छात्रों के बीच संवाद के लिए भूमिसंवाद नामक एप्प लांच की। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना 1851 में की गयी थी, शुरू में इसकी स्थापना रेलवे के लिए कोयले के भंडार खोजने के लिए की गयी थी। वर्षों के पश्चात् अब GSI भूविज्ञान सूचना का एक विशाल भंडार बन गया है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के भू-विज्ञानिक संगठन के रूप में उभर कर आया है।

भारत ने रमेश चंद को खाद्य व कृषि संगठन के लिए मनोनीत किया

भारत ने रमेश चंद को खाद्य व कृषि संगठन के लिए मनोनीत किया है। खाद्य व कृषि संगठन के महानिदेशक के पद पर चुने जाने के लिए उम्मीदवारको 194 सदस्यों में साधारण बहुमत प्राप्त करना होगा। खाद्य व कृषि संगठन का नेतृत्व करने वाले एकमात्र भारतीय बिनय रंजन सेन थे, वे 1956 से 1967 के बीच खाद्य व कृषि संगठन के महानिदेशक रहे। यह एक संयुक्त राष्ट्र की संस्था है, यह संयुक्त राष्ट्र आर्थिक व सामजिक परिषद् के अधीन कार्य करती है। इसकी स्थापना 16 अक्टूबर, 1945 को की गयी थी। इसका मुख्यालय इटली के रोम में स्थित है। शुरुआत में इसका मुख्यालय अमेरिका के वाशिंगटन में था, बाद में 1951 में इसे इटली के रोम में स्थानांतरित किया दिया गया। वर्तमान में इसके कुल 194 सदस्य हैं।

पी.वी. रमेश को राष्ट्रीय अभिलेखागार का महानिदेशक चुना गया

कैबिनेट नियुक्ति समिति ने हाल ही पी.वी. रमेश को राष्ट्रीय अभिलेखागार का महानिदेशक चुना गया। वर्तमान वे ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय अभिलेखागार को संस्कृति मंत्रालय से जोड़ा गया है। इसके क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में स्थित है, इसके तीन रिकॉर्ड केंद्र जयपुर, पुदुचेरी तथा भुबनेश्वर में स्थित है।

लाल किले में आज़ादी के दीवाने संग्रहालय का उद्घाटन किया गया

दिल्ली में लाल किले में "आज़ादी के दीवाने" संग्रहालय का उद्घाटन किया गया, संग्रहालय क्रांति मंदिर श्रृंखला का हिस्सा है, इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है और उन्हें आज़ादी के महत्व का अहसास करवाना है। इस संग्रहालय का निर्माण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया गया है। इस संग्रहालय के द्वारा उन सैंकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजली दी गयी है जिनके बारे में लोग काफी कम जानते हैं। क्रांति मंदिर श्रृंखला के द्वारा भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य व अदम्य साहस को सम्मान दिया जा रहा है। क्रांति मंदिर श्रृंखला के अन्य संग्रहालय इस प्रकार हैं : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस संग्रहालय, याद-ए-जलियाँ संग्रहालय तथा 1857-भारत की स्वतंत्रता की पहली लड़ाई पर संग्राहलय। इनका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया था।

हिंदी और इंग्लिश सिखाने के लिए गूगल ने लॉन्च किया Bolo एप

गूगल ने बुधवार को नया एप 'बोलो' लॉन्च किया है। यह एप प्राइमरी स्कूल के बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी पढ़ना सीखने में मदद करेगा। साथ ही बच्चों के उच्चारण संबंधी दोष भी ठीक करेगा। बोलो एप में गूगल के स्पीच रिकॉगनिशन और टेक्स्ट टू स्पीच टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। गूगल ने इस एप को सबसे पहले भारत में लॉन्च किया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

अगले साल ड्राइवरलेस ट्रेन लॉन्च करेगा चीन

चीन ने 2020 तक 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली चालक रहित मैग्लेव ट्रेन चलाने की योजना तैयार की है। ट्रेन तैयार करने में जुटी सीआरआरसी जुंगझो लोकोमोटिव कंपनी का कहना है कि परिचालन शुरू होने के बाद यह चीन की सबसे तेज कमर्शियल मैग्लेव ट्रेन होगी। मैग्लेव ट्रेन 600 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार हासिल कर सकती है। अधिकतम गति होने पर ट्रेन जमीन से 10 सेमी ऊपर उठ जाती है। मैग्रेटिक (चुंबकीय) लेविएशन को मैग्लेव और मैग्रेटिक सस्पेंशन के नाम से भी जाना जाता है। इसमें कोई भी चीज केवल मैग्रेटिक फील्ड के सहारे एक जगह से दूसरी जगह पर जाती है। उसे किसी भी तरह की गति देने के लिए मैग्रेटिक फोर्स का ही इस्तेमाल किया जाता है।

तृणमूल कांग्रेस का नया लोगो जारी हुआ

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी का नया लोगो जारी कर दिया है। बताया जाता है कि नीले व सफेद रंग की छटा को समाहित करते हुए नया लोगो पार्टी प्रमुख व सीएम ममता बनर्जी की मस्तिष्क की उपज है जिसे उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनकी टीम ने नया रंग रूप देने का काम किया है।

नया लोगो जारी होने के फौरन बाद ही ममता बनर्जी समेत पार्टी के कई छोटे-बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया पर इसे अपना प्रोफाइल फोटो बना लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्कों की नयी श्रृंखला का अनावरण किया

इस नई श्रृंखला में 1,2, 5, 10 तथा 20 रुपये के सिक्के जारी किये गये है। पहली बार 20 रुपये का सिक्का भी जारी किया जा रहा है। इस सिक्का 12 किनारों वाला पंचभुकाकर सिक्का है। इस सिक्के पर अन्न के दाने उकेरे गये है, इसके द्वारा देश में कृषि के महत्व को दर्शया गया है। 20 रुपये के सिक्के के अलावा अन्य सभी सिक्के गोलाकार हैं। नई सिक्कों का भार व आकार उनके मूल्य के अनुसार कम या अधिक है। यह नये सिक्के राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान द्वारा डिजाईन किये गये हैं। इनका उत्पादन केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिन्टिंग कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा किया गया है। यह नए सिक्कों दृष्टिबाधित लोगों के लिए मैत्रीपूर्ण है, इस सिक्कों को छू कर वे सिक्के के मूल्य इत्यादि का पता लगा सकते हैं।

पश्चिम बंगाल की युवाश्री अर्पण योजना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में युवाश्री योजना II अथवा युवाश्री अर्पण योजना को लांच किया, इसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन देना है। युवाश्री अर्पण योजना के तहत राज्य के 50 हज़ार ITI तथा बहुतकनीकी संस्थानों के पास आउट्स को अपना व्यापार शुरू करने के लिए राज्य के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग विभाग द्वारा 1 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के पहले हिंदी विश्वविद्यालय की आधारशिला हावड़ा के अरुपारा में रखी। युवाश्री I को पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्रालय ने लांच किया था। इस योजना के तहत 1 लाख बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये का बेरोज़गारी भत्ता प्रदान किया जाता है।

अजीत कुमार मोहंती को भाभा परमाणु अनुसन्धान केंद्र (BARC) का निदेशक नियुक्त किया गया

केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय ने हाल ही में अधिसूचना जारी करके अजीत कुमार मोहंती को भाभा परमाणु अनुसन्धान केंद्र का निदेशक नियुक्त किया है, उनका कार्यकाल तीन वर्ष का है। वर्तमान में वे BARC में भौतिक विज्ञान समूह के निदेशक हैं। BARC भारत के प्रमुख परमाणु अनुसन्धान संस्थान है, यह महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित है। यह एक बहुमुखी अनुसन्धान केंद्र है, यहाँ एडवांस्ड शोध के लिए आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। इसमें परमाणु विज्ञानं, इंजीनियरिंग तथा अन्य क्षेत्रों के लिए शोध कार्य किया जा सकता है। इसका उपयोग केवल शान्तिपूर्ण उद्देश्य जैसे उर्जा उत्पादन के लिए किया जाता है।

जापानी आर्किटेक्ट अराता इसोजाकी ने जीता प्रित्ज्कर प्राइज

जापानी आर्किटेक्ट अराता इसोजाकी ने प्रित्ज्कर प्राइज 2019 जीता। वे इस पुरस्कार को जीतने वाले 46वें व्यक्ति तथा आठवें जापानी आर्किटेक्ट हैं। उन्हें 1 लाख डॉलर की इनामी राशि तथा एक कांस्य पदक भी प्रदान किया जायेगा। उन्हें यह सम्मान फ्रांस के शैटॉ डी वर्सेल्स में मई में प्रदान किया जायेगा। प्रित्ज्कर प्राइज एक वार्षिक पुरस्कार है, यह पुरस्कार आर्किटेक्ट को बेहतरीन कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना शिकागो के प्रित्ज्कर परिवार ने 1979 में हयात फाउंडेशन के द्वारा की थी। इस पुरस्कार को आर्किटेक्चर का नोबेल प्राइज कहा जाता है।

चीन ने रक्षा बजट में 7.5% वृद्धि की

चीन ने अपने रक्षा बजट में 7.5% वृद्धि की है, अब चीन का बजट 177.61 अरब डॉलर पर पहुँच गया है। पिछले वर्ष चीन का रक्षा बजट 165 अरब डॉलर था। चीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से लगभग तीन गुणा अधिक है।

राष्ट्रीय वार्षिक ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2018-19

हाल ही में विश्व बैंक के अधीन स्वतंत्र प्रमाणीकरण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय वार्षिक ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2018-19 करवाया। इस सर्वेक्षण अवधि में देश के 93.1% घरों को शौचालय की सुविधा है। जिन घरों में शौचालय हैं उनमे से 96.5% लोग उनका उपयोग भी करते हैं। इस सर्वेक्षण के तहत विभिन्न राज्यों व जिलों में 90.7% गाँव खुले में शौच से मुक्त हैं। स्वच्छता कवरेज भी 93% पर पहुँच गया है। सर्वेक्षण किये गये कुल गावों में से 95.4% में कूड़ा-कर्कट काफी कम था और रुके हुए जल की समस्या मौजूद नहीं थी। सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करने और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के उदेश्य से अक्टूबर 2014 में यह मिशन लॉन्च किया गया था। मिशन का उद्देश्य स्वच्छ भारत की प्राप्ती करना तथा महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर उचित श्रद्धांजलि देने रूप में 2019 तक भारत को स्वच्छ बनाना है। SBM में भी दो उप-मिशन शामिल हैं, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ग्रामीण इलाकों में लागू करने के लिए और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), शहरी क्षेत्रों में लागू करने के लिए।

अमेरिका ने भारत के लिए जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ़ प्रेफेरंस समाप्त करने के लिए अधिसूचना जारी की

व्यापार व निवेश नीतियों पर बढ़ते विवाद को लेकर अमेरिका भारत को जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ़ परेफरेंस (GSP) के तहत मिलने वाले लाभों को सीमित अथवा समाप्त कर सकता है। हाल ही में राष्ट्रपति ट्रम्प ने कांग्रेस को इस सन्दर्भ में अधिसूचित किया है। अमेरिका जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ़ परेफरेंस (GSP) के तहत भारत

और तुर्की को मिलने वाले लाभ समाप्त करने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार घाटे को कम करने के लिए कड़ी कारवाई करने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी। जनरलाइज्डसिस्टम ऑफ़ परेफरेंस (GSP) की स्थापना 1976 में व्यापार अधिनियम, 1974 के तहत की गयी थी। यह अमेरिका का एक व्यापारिक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य विकासशील देशों के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत 129 देशों के 4,800 उत्पादों को निशुल्क प्रवेश की सुविधा प्रदान की जाती है।

IQAir AirVisual 2018 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट

हाल ही में IQAir AirVisual 2018 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट का संकलन ग्रीनपीस द्वारा IQAir AirVisual के साथ किया गया है। इस सूचकांक में वायु में PM 2.5 महीन कण की मौजूदगी का अध्ययन किया गया है। विश्व के 10 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में से 7 शहर भारत में हैं। विश्व के 5 सबसे अधिक प्रदूषित शहर इस प्रकार हैं : गुरुग्राम, गाज़ियाबाद, फरीदाबाद, भिवाड़ी तथा फैसलाबाद (पाकिस्तान)। एक ज़माने में विश्व के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शुमार रहा चीन का बीजिंग शहर इस वर्ष 122वें स्थान पर है।

विश्व बैंक तथा भारत सरकार ने "राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवतन परियोजना" (NRETP) के लिए 250 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये

हाल ही विश्व बैंक तथा भारत सरकार ने "राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवतन परियोजना" (NRETP) के लिए 250 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये। "राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवतन परियोजना" के द्वारा भारत के 13 राज्यों में ग्रामीण आय में वृद्धि करना है। विश्व बैंक का मुख्यालय वाशिंगटन डी. सी. में है। इसकी स्थापना जुलाई 1945 को हुई थी।

त्रिपुरा सरकार ने नोतून दिशा कार्यक्रम लांच किया

त्रिपुरा सरकार ने हाल ही में एक महीने का – नोतून दिशा (नयी दिशा) कार्यक्रम लांच किया गया है, यह कार्यक्रम स्कूली अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए लांच किया गया गया है। इस कार्यक्रम के तहत त्रिपुरा सरकार 800 स्कूली अध्यापकों को लैपटॉप प्रदान करेगी।

BOLD-QIT प्रोजेक्ट

केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने BOLD-QIT (बॉर्डर इलेक्ट्रानिकली डोमिनेटिड QRT इंटरसेप्शन तकनीक) का उद्घाटन भारत-बांग्लादेश सीमा पर असम के धुबरी जिले में किया। यह प्रोजेक्ट विस्तृत एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (CIBMS) का हिस्सा है। इस तकनीक का उपयोग इजराइल समेत कई देश करते हैं। यह सीमा

प्रबंधन का एक कुशल तरीका है। BOLD-QT प्रोजेक्ट से न केवल बॉर्डर सिक्यूरिटी फार्स को सभी प्रकार के सीमा पार के अवैध व्यापार को रोकने में सहायता मिलेगी बल्कि सैनिकों को भी चौबीसों घंटे निगरानी करने से राहत मिलेगी। अब ब्रह्मपुत्र नदी का समस्त क्षेत्र माइक्रोवेव संचार, OFC केबल, DMR कम्युनिकेशन, दिन व रात कार्य करने वाले निगरानी कैमरे तथा घुसपैठ का पता लगाने वाले सिस्टम के नेटवर्क से सुरक्षित है। इन अत्याधुनिक तकनीकों की सहायता से BSF कण्ट्रोल रूम को सूचना प्राप्त होगी और BSF की क्विक रिएक्शन टीम सीमा में अवैध घुसपैठ अथवा अवैध व्यापार को रोक सकती है।

आइजीआइ को फिर मिला सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट का अवार्ड

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट को फिर अंतरराष्ट्रीय संस्था की ओर से सराहना मिली है। बेहतर सुविधा प्रदान करने पर इसको इसके वर्ग में फिर सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट के अवार्ड से नवाजा गया है। यह सम्मान एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआइ) की ओर से दिया गया। एशिया भर के जिन हवाई अड्डों पर चार करोड़ से अधिक यात्री पहुंचे थे, उनके बीच हुई प्रतियोगिता के बाद यह अवार्ड प्रदान किया गया। इसके लिए वैश्विक स्तर पर एयरपोर्ट प्रबंधन, यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा इत्यादि का गत वर्ष सर्वे कराया गया था।

फॉक्सवैगन पर एनजीटी ने 500 करोड़ रु का जुर्माना लगाया

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जर्मनी की कार कंपनी फॉक्सवैगन पर 500 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी को 2 महीने में यह रकम जमा करवानी होगी। भारत में फॉक्सवैगन की डीजल कारों से हुए पर्यावरण प्रदूषण की वजह से यह पेनल्टी लगाई गई है। जांच में यह साबित हुआ था कि कंपनी ने एक डिवाइस के जरिए फर्जी तरीके से अपनी गाड़ियों से कम प्रदूषण होने का दावा किया था। एनजीटी ने 16 नवंबर 2018 को फॉक्सवैगन से कहा था कि वह केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को 100 करोड़ रुपए की अंतरिम राशि जमा करवाए।

मुंबई दुनिया का 16वां सबसे महंगा रिहायशी शहर

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई दुनिया के सबसे महंगे प्रमुख आवासीय शहरों में 16वें पर है। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। 'द वेल्थ रिपोर्ट 2019' में दुनिया के 20 सबसे महंगे प्रमुख आवासीय शहरों में मुंबई एकमात्र भारतीय शहर है।

कानपुर मेट्रो परियाोजना का हुआ शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में कई योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मोदी ने कानपुर से लखनऊ मेट्रो के नए रूट का भी बटन दबाकर शुभारम्भ किया। मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि पनकी परियोजना में एक यूनिट 52 साल पहले लगी थी और दूसरी यूनिट 43 वर्षों पहले लगी थी। इतने वर्षों में मशीनें भी पुरानी हो जाती हैं। इसकी वजह से बिजली महंगी हो गई थी। आज से लगभग छह हजार करोड रुपऐ की लागत से पनकी विद्युत परियोजना के विस्तारीकरण का काम शुरू हो जाएगा। इससे बिजली पहले की तुलना में आधे दाम में मिलेगी।

सोलोमन आईलैंड : समुद्र में 80 टन तेल बहा

सोलोमन द्वीप के पास स्थित रेनेल द्वीप के समुद्र में एक टैंकर से 80 टन तेल बह गया। तेल अभी भी बह रहा है और इसका फैलाव 6 किमी तक हो गया है। इसके चलते स्थानीय लोगों का दैनिक कामकाज रुक सा गया है। तेल के बहने से मछलियां मर गई हैं। लिहाजा लोगों को खाने की दिक्कत हो रही है। समुद्र के पास स्थित झरनों तक तेल पहुंच चुका है, इसके चलते लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा। करीब चार हफ्ते पहले हॉन्ग कॉन्ग के जहाज एमवी सोलोमंस से 80 टन तेल कोंगोबाइनियु रीफ में फैल गया है। टैंकर में 700 टन तेल भरा हुआ था। इसके चलते खाड़ी की मछलियां मर रही हैं।

इसरो तथा CNES के बीच सहयोग को लेकर सहमती बनी

इसरो और फ्रांसिसी अन्तरिक्ष एजेंसी (CNES) ने देश में समुद्री निगरानी केंद्र की स्थापना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते के तहत हिन्द महासागर में जहाजों को चिन्हित करने तथा उन्हें ट्रैक करने के लिए प्रणाली की स्थापना की जायेगी। इसके लिए उपग्रह से प्राप्त डाटा का उपयोग किया जायेगा। इसरो और CNES हिन्द महासागर में समुद्री जहाजों को ट्रैक करने के लिए सैटेलाइट्स का नेटवर्क स्थापित करेंगे। इसरो और CNES ने भारतीय वैज्ञानिकों को "गगनयान" के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। भारतीय वैज्ञानिकों को फ्रांस के टूलूस अन्तरिक्ष केंद्र में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। गगनयान प्रोजेक्ट के लिए भारत ने रूस के साथ भी समझौता किया है।

भारत ने ठोस प्लास्टिक अपशिष्ट के आयात पर प्रतिबन्ध लगाया

केन्द्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नुकसानदायक तथा अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन तथा सीमापार परिवहन) नियम, 2016 में संशोधन करते हुए ठोस प्लास्टिक अपशिष्ट के आयात पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। नुकसानदायक तथा अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन तथा सीमापार परिवहन) नियम, 2016 के अनुसार रेशम

के अपशिष्ट के निर्यातकों को केन्द्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनुमति लेने की छूट दी गयी है।

उत्तराखंड सरकार ने लांच की आंचल अमृत योजना

मुख्यमंत्री आँचल अमृत योजना के तहत उत्तराखंड सरकार राज्य में 20,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में सप्ताह में दो बार बच्चों के लिए 100 ml दूध उपलब्ध करवाएगी। इस योजना के तहत 20,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में फ्लेवर्ड, मीठा तथा दूध पाउडर उपलब्ध होगा। आँचल अमृत योजना के तहत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में दूध उपलब्ध करवाया जायेगा। यह योजना राज्य में कुपोषण को समाप्त करने के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इससे बच्चों को संतुलित डाइट मिल सकेगी। उत्तराखंड में लगभग 18,000 बच्चे कुपोषण के शिकार हैं।

मिजोरम के राज्यपाल राजशेखरन ने इस्तीफा दिया

के. राजशेखरन ने मिजोरम के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस्तीफा मंजूर कर लिया है। तिरुवनंतपुरम से राजशेखरन के चुनाव लड़ने की प्रबल संभावना है।

सुभाष चंद्र गर्ग नए वित्त सचिव नियुक्त

आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग को वित्त सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मामलों के मंत्रलय द्वारा जारी बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एप्वाइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट (एसीसी) ने वित्त सचिव के रूप में गर्ग के नाम का अनुमोदन कर दिया है। 58 वर्षीय गर्ग वर्ष 1983 बैच के राजस्थान काडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारी हैं। वे जून, 2017 से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में काम कर रहे हैं। परंपरा के मुताबिक वित्त मंत्रलय में पांच प्रमुख विभागों के सचिवों में से वरिष्ठतम को वित्त सचिव के तौर पर नियुक्त किया जाता रहा है। पूर्व वित्त सचिव अजय नारायण झा पिछले महीने सेवानिवृत्त हो गए। उसके बाद उन्हें 15वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।

टीवी स्टार पद्मा लक्ष्मी बनीं यूएनडीपी की सद्भावना दूत

भारतवंशी टीवी स्टार, लेखिका और फूड एक्सपर्ट पद्मा लक्ष्मी को यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) ने अपना सद्भावना दूत बनाया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यूएनडीपी के प्रशासक अचिम स्टेनर ने इसकी घोषणा की। प्रतिष्ठित एमी पुरस्कारों के लिए नामित हो चुकीं लक्ष्मी इस जिम्मेदारी के तहत संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के लिए समर्थन जुटाएंगी। असमानता और भेदभाव मिटाना उनका मुख्य लक्ष्य होगा।

महिला अफसरों को भारतीय सेना की सभी 10 दस शाखाओं में स्थानीय कमीशन मिलेगा

रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में घोषणा करते हुए स्पष्ट किया है कि अब महिलाओं को भारतीय सेना की सभी 10 शाखाओं में स्थायी कमीशन मिलेगा। स्थायी कमीशन दिए जाने से महिला अफसरों को भी सेवानिवृत्ति तक करियर मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि पहले जिन महिला अधिकारियों को शार्ट सर्विस कमीशन के लिए चुना गया था, अब उन्हें सशस्त्र सेनाओं में स्थायी कमीशन प्रदान किया जायेगा। अब महिलाओं को सिग्नल्स, इंजिनियर, आर्मी एविएशन, सैन्य वायु रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डनेन्स कॉर्प्स तथा इंटेलिजेंस में स्थायी कमीशन दिया जायेगा। इससे पहले रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना की सभी शाखाओं में महिलाओं को स्थायी कमीशन के लिए मंज़ूरी दी थी।

गर्मी से निजात दिलाएगा कुलिंग एक्शन प्लान

सरकार ने एक कूलिंग एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके तहत वर्ष 2037-38 तक देश में कूलिंग की मांग को 20 से 25 प्रतिशत तक कम करना है। दुनिया में इस तरह का कूलिंग एक्शन प्लान तैयार करने वाला भारत पहला देश है। इसके तहत गर्मी से बचाव वाले घरों का निर्माण, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने, खेती की आय को बढ़ाने के लिए बेहतर कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की योजना बनाई गई है।

हरियाणा में छह जातियां घुमंतू घोषित

हरियाणा सरकार ने पिछड़े और दलित वर्ग के वोट बैंक को आकर्षित करने के लिए छह जातियों जोगी, भाट, जंगम, मनियार, रैबारी और मदारी को घुमंतू जातियों में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इससे इन्हें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिणक व राजनीतिक उत्थान में मदद मिलेगी। हरियाणा में अब 22 जनजातियां विमुक्त, घुमंतू, अर्द्ध घुमंतू तथा टपरीवास समुदाय में रहेगी।

मप्र / 27% ओबीसी आरक्षण का अध्यादेश मंजूर

ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27% करने के अध्यादेश को राज्यपाल ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी। विधि विभाग ने परीक्षण के बाद अध्यादेश दोपहर बाद सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा। विभाग ने भी बिना समय गंवाए उसे राज्यपाल को भेज दिया। राजभवन से शाम को इस पर अनुमोदन मिल गया। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य की 53% ओबीसी आबादी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने यह फैसला लिया।

नोएडा के कार्तिक ने बनाई देश की पहली मैनुअल नैपकीन वेडिंग मशीन

नोएडा में 22 वर्षीय कार्तिक कमल कुमार ने देश की पहली मैनुअल सेनेट्री नैपकीन वेडिंग मशीन बनाकर विश्व महिला दिवस पर अपनी मां सीमा कमल कुमार को समर्पित किया है। यह मशीन बिना बिजली के आसानी से संचालित की जा सकेगी, जिसमें पांच का सिक्का डालकर आसानी से सेनेट्री नैपकीन को प्राप्त किया जा सकता है।

मॉन्स्टर वेतन सूचकांक रिपोर्ट

मॉन्स्टर वेतन सूचकांक रिपोर्ट को मॉन्स्टर इंडिया द्वारा paycheck.in तथा IIM-अहमदाबाद के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार भारत में पुरुषों का सकल प्रति घंटा वेतन 2018 में 242.49 रुपये जबकि महिलाओं का प्रति घंटा वेतन 196.3 रुपये है। भारत में पुरुषों व महिलाओं के बीच वेतन को लेकर 19% का अंतर है। वेतन में यह असमानता लगभग सभी सेक्टरों में मौजूद है। भारत में लैंगिक आधार पर वेतन असमानता 19% है, औसतन पुरुष महिलाओं की अपेक्षा 46.19 रुपये प्रति घंटा अधिक कमाते हैं। आईटी क्षेत्र में वेतन असमानता 26% तथा विनिर्माण क्षेत्र में यह असमानता 24% है। हेल्थकेयर तथा सामाजिक कार्य के क्षेत्र में भी महिलाओं का वेतन पुरुषों के मुकाबले 21% कम है। वित्तीय सेवा, बैंकिंग तथा बीमा उद्योग में पुरुषों का वेतन महिलाओं की अपेक्षा 2% अधिक है। इस रिपोर्ट के अनुसार यह वेतन असमानता समय व अनुभव में वृद्धि के साथ बढ़ती जाती है। 2017 में महिलाओं व पुरुषों के बीच वेतन असमानता 20% थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया नागपुर मेट्रो का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागपुर में मेट्रो का उद्घाटन किया, इसके साथ ही नागपुर महाराष्ट्र का दूसरा मेट्रो युक्त शहर बन गया है। महिला सुरक्षा तथा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ट्रेन में एक विशेष “नारी शक्ति” महिला कोच होगी। नागपुर मेट्रो को ग्रीन मेट्रोभी कहा जाता है क्योंकि इसकी आवश्यकता की 65% विद्युत् का उत्पादन सौर उर्जा से किया जायेगा। यात्रियों की आवाजाही से पहले ही नागपुर मेट्रो ने स्टैम्प ड्यूटी से 51 करोड़ रुँपये तथा विकास अधिकार के हस्तांतरण से 6.87 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

भारत ने रूस के साथ चक्र III पनडुब्बी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये

भारत और रूस ने परमाणु पनडुब्बी को लीज पर लेने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 10 वर्ष की लीज पर चक्र III पनडुब्बी उपलब्ध करवाई जायेगी। इससे पहले भी भारत ने रूस से दो परमाणु पनडुब्बियां लीज पर ली थीं। आईएनएस चक्र को 1988 में तीन वर्ष की लीज पर लिया गया था जबकि दूसरी आईएनएस चक्र पनडुब्बी को 2012 में 10 वर्ष के लिए लीज पर लिया गया था।

रूस भारत को 3 अरब डॉलर राशि पर 10 वर्ष की अवधि के लिए अकुला श्रेणी की पनडुब्बी(इस पनडुब्बी को चक्र III के नाम से भी जाना जाता है।) लीज पर देगा। चक्र III पनडुब्बी में भारतीय संचार प्रणाली व सेंसर लगे होंगे, इसमें भारतीय USHUS सोनार तथा पंचेन्द्रिय सोनार लगे होंगे। चक्र III का भार लगभग 8,140 टन है, यह जल के भीतर 30 नॉट की गति से आगे बढ़ सकती है। यह पनडुब्बी 530 मीटर की गहराई पर कार्य कर सकती है। यह पनडुब्बी अपने साथ 73 सदस्यीय क्रू को ले जाने में सक्षम है।

कर मुक्त ग्रेच्युटी की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया

सरकार ने कर मुक्त ग्रेच्युटी की सीमा को दोगुना करके 20 लाख रुपये कर दिया है, इससे सरकारी तथा प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों को लाभ होगा। ग्रेच्युटी एक किस्म का मौद्रिक लाभ है जो रोज़गार प्रदाता (एम्प्लायर) द्वारा कर्मचारी को प्रदान किया जाता है। ग्रेच्युटी का लाभ प्राप्त करने के लिए एक संगठन में न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा अनिवार्य है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 44 महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 8 मार्च, 2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 44 महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार 2018 से सम्मानित किया। गौरतलब है कि नारी शक्ति पुरस्कार के लिए 1000 से अधिक नामांकन प्रस्तुत किये गये थे। यह पुरस्कार केन्द्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से उन महिलाओं व संस्थानों को प्रदान किये गये जिन्होंने महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक कल्याण के लिए कार्य किया। नारी शक्ति पुरस्कार 2018 से सम्मानित की जानी वाली कुछ प्रमुख हस्तियाँ इस प्रकार हैं : DRDO वैज्ञानिक इप्सिता बिस्वास, भारत की पहली समुद्री पायलट रेशमा निलोफर नाहा, कृषि जैव विविधता विशेषज्ञ रहीबाई सोमा पोपेरे, एसिड अटैक सर्वाइवर प्रज्ञा प्रसून, महिला कमांडो प्रशिक्षक सीमा राव तथा मोटिवेशनल स्पीकर सिस्टर शिवानी। इस बार कुछ एक संगठनों को भी प्रदान किया गया : वन स्टॉप सेंटर (लखनऊ), कसब कच्छ क्राफ्ट्सवुमन प्रोडूसर तथा तमिलनाडु का सामाजिक कल्याण व पौष्टिक भोजन कार्यक्रम विभाग। नारी शक्ति पुरस्कारों को 1991 में शुरू किया था और तब से हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। इसमें 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और व्यक्तियों और संस्थानों के लिए प्रमाण पत्र दिये जाते है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं, संगठनों और संस्थानों के लिए राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों की घोषणा करता है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : सरकार ने 7 करोड़ निशुल्क एलपीजी कनेक्शन का लक्ष्य किया पूरा

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 7 करोड़ के पार पहुँच गयी है। 8 मार्च, 2019 को पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने उज्ज्वला योजना के 7 करोड़वें लाभार्थी को गैस कनेक्शन प्रदान किया। अगस्त, 2018 में उज्ज्वला योजना के तहत लक्ष्य के अनुसार 5 करोड़ निशुल्क एलपीजी कनेक्शन का लक्ष्य पूरा कर लिया गया था। सरकार ने यह लक्ष्य निर्धारित समय सीमा से लगभग 8 महीने पहले ही प्राप्त कर लियाथा। इसके लिए आरम्भ में 35 महीने का समय निर्धारित किया गया था, परन्तु सरकार ने इस लक्ष्य को 27 महीने में ही प्राप्त कर लिया गया। केंद्र सरकार ने मई, 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लॉन्च की थी, इसकी टैगलाइन 'स्वच्छ इंधन, बेहतर जीवन' है। इसका उद्देश्य घरेलु उपयोग के लिए स्वच्छ इंधन प्रदान करना है। इस योजना को पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने OIC, BPCL और HPCL तेल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा क्रियान्वित किया। यह योजना सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की गयी थी।

इडुक्की की मरयूर गुड़ को मिला भौगोलिक संकेत (GI) टैग

केरल के इडुक्की जिले की मरयूर गुड़ को हाल ही में भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया। मरयूर गुड़ का निर्माण पारंपरिक विधि द्वारा किया जाता है। वर्तमान में किसानों को मरयूर गुड़ के लिए प्रति किलो 45 से 47 रुपये का दाम मिलता है, परन्तु इसकी अपेक्षित कीमत 80-100 रुपये प्रति किलोग्राम है। GI टैग अथवा पहचान उस वस्तु अथवा उत्पाद को दिया जाता है जो कि विशिष्ट क्षेत्र का प्रतिनिधत्व करती है, अथवा किसी विशिष्ट स्थान पर ही पायी जाती है अथवा वह उसका मूल स्थान हो। GI टैग कृषि उत्पादों, प्राकृतिक वस्तुओं तथा निर्मित वस्तुओं उनकी विशिष्ट गुणवत्ता के लिए दिया जाता है। यह GI पंजीकरण 10 वर्ष के लिए वैध होता है, बाद में इसे रीन्यू करवाना पड़ता है। कुछ महत्वपूण GI टैग प्राप्त उत्पाद दार्जीलिंग चाय, तिरुपति लड्डू, कांगड़ा पेंटिंग, नागपुर संतरा तथा कश्मीर पश्मीना इत्यादि हैं।

अमेरिकी कंपनी ने भारतीय जिम्नास्ट दीपा कर्माकर जैसी बार्बी डॉल बनाई

खिलौने बनाने वाली अमेरिकी कंपनी मेटेल अपनी 60वीं एनिवर्सरी मना रही है। इसी मौके पर कंपनी ने 17 देशों की 19 सफल महिलाओं की बार्बी डॉल बनाई है। कंपनी ने युवाओं को इंस्पायर करने के लिए ऐसा किया। इसमें भारतीय जिम्नास्ट दीपा कर्माकर भी शामिल हैं। दीपा रियो ओलिंपिक में एक पॉइंट से ब्रॉन्ज मेडल चूक गई थीं। वे ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट थीं।

राजस्थान में तय होगी अफसरों की जवाबदेही

राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने 'जवाबदेही कानून' को धरातल पर उतारने के लिए कदम बढ़ा दिया है। राज्य के विधि विभाग ने जवाबदेही कानून को अध्यादेश के जरिये मंजूरी दे दी है। इसके बाद अफसरों को बताना होगा कि फाइल क्यों अटकी ? जवाबदेही कानून को धरातल पर उतारने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य होगा।

नारी शक्ति पुरस्कार से नवाजी गई बाड़मेर की रुमा देवी, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सरहदी रेगिस्तानी जिले बाड़मेर की ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान की अध्यक्ष रुमा देवी को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा राष्ट्रपति भवन में भारत में महिलाओं के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "नारी शक्ति पुरस्कार" प्रदान कर सम्मानित किया गया द्य पुरस्कार में उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ एक लाख रुपये की राशि प्रदान की गई । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में देशभर की चुनिदा 41 महिलाओं व 3 संस्थानों को यह सम्मान प्रदान किया गया। महिला व बाल विकास मंत्रालय महिला शक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान करती है। रुमा देवी ने ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान के माध्यम से बाड़मेर जिले में हस्तशिल्प का कार्य करने वाली हजारों महिला दस्तकारों को सशक्त करने का कार्य किया है द्य दूर दराज ढाणीयो में जाकर इन्होने खत्म हो रही एप्लीक एंब्रोडरी कला को नवाचार के माध्यम से पुनर्जवित कर यह कार्य करने वाली हजारों महिला दस्तकारों के जीवन में खुशियों भर दी है। इन्होने इस कला को देश-विदेश के फेशन रेम्प तक पहुचा कर महिला दस्तकारों को नवीन विकल्प प्रदान किया। हजारों महिला दस्तकारों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कौशल को उन्नत तकनीकी प्रदान की है, जिससे हजारों परिवार लाभान्वित हुए है।महज आठवीं तक स्कूली शिक्षा ग्रहण कर पाई रूमा देवी अपने उल्लेखनीय कार्यो के लिए कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार व सम्मान पाकर अपने राज्य ओर देश का नाम रोशन कर चुकी है।

राजस्थान पर्यटन को मिला बर्लिन में सर्वश्रेष्ठ हेरिटेज डेस्टिनेशन का पुरस्कार

बर्लिन (जर्मनी) में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन, आई.टी.बी. में राजस्थान पर्यटन को सर्वश्रेष्ठ हेरिटेज डेस्टिनेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पेसेफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन के बर्लिन में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान राज्य की प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन श्रीमती श्रेया गुहा ने प्राप्त किया। राजस्थान पर्यटन द्वारा बर्लिन, जर्मनी में 6 से 10 मार्च तक चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में भाग लिया जा रहा है। यह सम्मेलन विश्व का सबसे बड़ा पर्यटन मेला है, जिसमें 180 देशों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जाता है। राजस्थान पर्यटन द्वारा इस सम्मेलन में आकर्षक पैवेलियन की स्थापना

कर पर्यटन क्षेत्र के निजी सहभागियों के साथ राजस्थान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस सम्मेलन में श्रीमती श्रेयागुहा, प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन एवं श्रीमती पुनीता सिंह, संयुक्त निदेशक, पर्यटन द्वारा राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

श्री ओम थानवी हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति नियुक्त

राज्यपाल श्री कल्याण सिंह ने श्री ओम थानवी को हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर का प्रथम कुलपति नियुक्त किया है। श्री थानवी की यह नियुक्ति उनके कार्यग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अनधिक अवधि के लिए होगी। देश के मूर्धन्य पत्रकारों में शामिल श्री थानवी को पत्रकारिता का लगभग चालीस साल का लंबा अनुभव है। वे 26 साल तक प्रमुख हिन्दी दैनिक जनसत्ता में पत्रकारिता कर चुके हैं। उन्होंने जनसत्ता में स्थानीय सम्पादक और कार्यकारी सम्पादक के रूप में कार्य किया। श्री थानवी देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के मीडिया अध्ययन केन्द्र में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में पत्रकारिता के शिक्षण कार्य से भी जुड़े रहे हैं। वे राजस्थान पत्रिका समूह में सम्पादकीय सलाहकार के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे, नतीजे 23 मई को आयेंगे: चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने 10 मार्च 2019 को लोकसभा चुनाव 2019 की तारीखों का एलान कर दिया है. चुनाव सात चरणों में कराए जाएंगे. अप्रैल और मई में सात चरणों में लोकसभा की 543 सीटों के लिए चुनाव कराए जाएंगे. इन चुनावों के नतीजे 23 मई को आएंगे. मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा जारी जानकारी के अनुसार चुनाव का कार्यक्रम बनाते समय, परीक्षा कार्यक्रमों और त्योहारों का ध्यान भी रखा गया है. चुनावों में 90 करोड़ लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे. इनमें से लगभग डेढ़ करोड़ वोटर 18-19 आयु वर्ग के होंगे.

चुनाव आयोग ने तत्काल प्रभाव से देश में आचार संहिता लागू की

आचार संहिता के दौरान किसी व्यक्ति, पार्टी या संगठन के लिए कुछ सामाजिक व्यवहार, नियम एवं उत्तरदायित्वों को निर्धारित किया जाता है और इन्हीं सब को आचरण संहिता अथवा आचार संहिता अथवा code of conduct कहा जाता है. आचार संहिता चुनाव आयोग द्वारा जारी कुछ नियमों की एक विस्तृत सूची होती है. इस दौरान राजनेताओं को नियमों का पालन करना होता है. आचार संहिता में चुनाव प्रक्रिया के दौरान उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है, इस बारे में बताया गया होता है. इन नियमों का पालन चुनावी उम्मीदवारों को ना सिर्फ अपने भाषणों में करना होता है बल्कि सभी प्रकार के चुनावी प्रचार और यहां तक कि उनके घोषणापत्रों में भी करना होता है.

इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान जारी किया गया

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हर्षवर्धन ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP) जारी किया है. इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान का उद्देश्य पर्यावरण और सामाजिक-आर्थिक लाभों को हासिल करने के लिये कार्यों में तालमेल का प्रयास करना है.

इसके अतिरिक्त इस एक्शन प्लान का उद्देश्य समाज को पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक लाभ प्रदान करते हुए सभी के लिये स्थायी शीतलन और उष्मीय सहूलियत प्रदान करना है. सभी क्षेत्रों में गर्मी से राहत दिलाने तथा सतत् शीतलता प्रदान करने वाले उपायों को अपनाने के बारे सलाह देना इसका एक उद्देश्य है.

इडुक्की के मरयूर गुड़ को जीआई टैग दिया गया

केरल के इडुक्की जिले में मिलने वाले मरयूर गुड़ को हाल ही में भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया है. मरयूर गुड़ का निर्माण सदियों से पारंपरिक विधि द्वारा किया जाता है जिसके चलते इसे जीआई टैग के लिए चयनित किया गया.
राज्य के कृषि विभाग द्वारा दो वर्ष तक किये गये प्रयासों के बाद ही मरयूरी गुड़ को भौगोलिक संकेत हासिल हुआ है. जीआई टैग मिलने से क्षेत्रीय गन्ना किसानों को उनकी फसल के लिए अपेक्षित लाभ मिलने की आशा है.

कई क्षेत्रों में मरयूर किस्म की नकली गुड़ भी बड़े पैमाने पर बेची जाती है, जिसके कारण वास्तविक मरयूर गुड़ की कीमत भी कम ही रह जाती है. मरयूर गुड़ को जीआई टैग मिलने से उपभोक्ताओं को वास्तविक मरयूर गुड़ मिलेगा और किसानों को इसका अच्छा दाम भी मिलेगा.

विश्व बैंक ने भारत के 220 बांधों के लिए 137 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण दिया

विश्व बैंक ने बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (DRIP) के तहत छह राज्यों में 220 से अधिक बड़े बांधों के पुनर्वास और आधुनिकीकरण के लिये 137 मिलियन डॉलर (लगभग 960 करोड़ रुपए) का अतिरिक्त वित्तपोषण प्रदान किया है.

यह बांध कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड में स्थित हैं. पूर्व में विश्व बैंक ने डीआरआईपी के तहत वित्तपोषण के लिये 350 मिलियन डॉलर (लगभग 2450 करोड़ रुपए) की मंज़ूरी दी थी.

प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना ने चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना ने 11 मार्च 2019 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संयुक्त रूप से बांग्लादेश में चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया. इस मौके पर पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज भी मौजूद थीं.

यह कार्यक्रम दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा. प्रधानमंत्री मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सड़क परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की चार परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया.

भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश: SIPRI रिपोर्ट

स्वीडन के थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (SIPRI) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि भारत हथियार आयात करने वाले देशों में दूसरे स्थान पर आता है. SIPRI द्वारा प्रकाशित इस रिपोर्ट को Trends in International Arms Transfers-2018 शीर्षक के तहत प्रकाशित किया गया.

रिपोर्ट में वर्ष 2014 से 2018 का अध्ययन किया गया है तथा इसी आधार पर रिपोर्ट जारी की गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इन वर्षों के दौरान सऊदी अरब विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन कर उभरा है जबकि भारत दूसरे स्थान पर रहा. लगभग 10 वर्षों तक भारत इस सूची में प्रथम स्थान पर रहा था.

DRDO ने पिनाक मल्टी बैरल रॉकेट प्रणाली का सफल परीक्षण किया

भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (DRDO) ने 11 मार्च 2019 को स्वदेश निर्मित मल्टीबैरल पिनाक रॉकेट प्रणाली का सफल परीक्षण किया है. यह लंबी दूरी से दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करने में सक्षम है. इस रॉकेट प्रणाली के दो परीक्षण किए गए जो कि पूरी तरह से सफल रहे. डीआरडीओ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार हथियार प्रणाली के यह टेस्ट पोखरण रेंज में किए गए. यह हथियार भारतीय सेना की आर्टिलरी में नई जान फूंकने में सक्षम है.

विदित हो कि पिनाक एक मल्टी बैरल रॉकेट है, जिसके प्रारंभिक प्रारूप का विकास वर्ष 1995 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया. पिनाक को प्रारंभिक दौर में दुश्मन की सेना के वायुयान पत्तन (एयर टर्मिनल) एवं संचार केंद्र ध्वस्त करने हेतु विकसित किया गया था, आगे चलकर इसे बहुउद्देशीय रॉकेट प्रणाली के रूप में विकसित किया जा चुका है.

Padma Awards 2019: राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 55 पद्म पुरस्कार प्रदान किये

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अभिनेता प्रभु देवा, गायक शंकर महादेवन, पहलवान बजरंग पुनिया और पत्रकार कुलदीप नैयर (मरणोपरांत) समेत 55 व्यक्तियों को 11 मार्च 2019 को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया. देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में दिए जाते हैं.

लेखन एवं रंगमंच से जुड़े बाबासाहेब उर्फ बलवंत मोरेश्वर पुरंदर को पद्म विभूषण प्रदान किया गया. हालाँकि वह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए उपस्थित नहीं हो सके. इसके अलावा कुलदीप नैयर (मरणोपरांत) तथा हुक्मदेव नारायण यादव समेत आठ लोगों को पद्मभूषण और 46 लोगों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया.

SPARC: सरकार ने आईआईटी मंडी के लिए 7 अनुसंधान प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की

मानव अनुसंधान विकास मंत्रालय द्वारा हाल ही में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्द्धन योजना (SPARC) के तहत आईआईटी मंडी के लिए सात अनुसंधान प्रस्तावों का चयन किया गया है. इस योजना के तहत आईआईटी में विभिन्न शोध और कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

इस योजना के तहत 600 संयुक्त शोध प्रस्ताव दो वर्षों के लिये दिये जाएंगे, ताकि कक्षा संकाय में सर्वोत्तम माने जाने वाले भारतीय अनुसंधान समूहों और विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रख्यात अनुसंधान समूहों के बीच उन क्षेत्रों में शोध संबंधी सुदृढ़ सहयोग संभव हो सके.

भारत सहित 45 देशों ने ‘बोइंग 737 मैक्स 8’ विमान को प्रतिबंधित किया

इथोपियन एयरलाइंस के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारत ने 12 मार्च 2019 को बोइंग 737 मैक्स 8 विमान को प्रतिबंधित कर दिया है. विश्व के लगभग 45 देशों द्वारा भी इस तरह का कदम उठाया गया है.

भारत में स्पाइस जेट के पास करीब 12 ऐसे विमान हैं, जबकि जेट एयरवेज के पास ऐसे पांच विमान हैं. नागर विमानन मंत्रालय ने ट्विटर के जरिये कहा कि डीजीसीए ने बोइंग 737-मैक्स विमानों के उड़ान भरने पर फौरन प्रतिबंध लगा दिया है. ये विमान तब तक उड़ान नहीं भरेंगे, जब तक कि सुरक्षित परिचालन के लिए उपयुक्त सुधार एवं सुरक्षा उपाय नहीं कर लिए जाते.

उत्तर कन्नड़ के सिरसी सुपारी को जीआई टैग प्रदान किया गया

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ में उत्पादित सिरसी सुपारी (Sirsi Supari) को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया गया है. पहली बार किसी सुपारी को जीआई टैग दिया गया है. चेन्नई स्थित ज्योग्राफिक इंडिकेशन रजिस्ट्री ने 04 मार्च 2019 को इसे जीआई टैग प्रदान किया गया था और इसकी जीआई संख्या 464 है.

सिरसी सुपारी येलापुरा, सिद्दापुरा एवं सिरसी में उत्पादित किया जाता है. सिरसी सुपारी विशिष्ट प्रकार का उत्पाद है और यह गोलाकर तथा सिक्का की तरह सपाट है. यह विशिष्टता किसी अन्य प्रकार की सुपारी में नहीं पायी जाती.

सी लालसावता मिज़ोरम के पहले लोकायुक्त नियुक्त

सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी (आईएएस) सी लालसावता ने मिज़ोरम के नवगठित लोकायुक्त के पहले अध्यक्ष के तौर पर शपथ ग्रहण की. राज्यपाल जगदीश मुखी ने राजभवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री जोरमथंगा, विभिन्न मंत्री, मिजोरम विधानसभा के अध्यक्ष एल साइलो, विधायक एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य सचिव एल चुआंगो ने की.

लोकायुक्त अध्यक्ष की नियुक्ति उचित चयन और विवेकपूर्ण चयन प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद की गई थी. मिज़ोरम लोकायुक्त अधिनियम को 2014 में राज्य विधानसभा द्वारा पारित किया गया था, लेकिन इसकी स्थापना में देरी इसलिए हुई क्योंकि 14 वें वित्त आयोग ने राज्य सरकार द्वारा मांग के बावजूद धन आवंटित नहीं किया था.

ब्रिटेन में होगी रॉयल गोरखा राइफल्स की नई बटालियन, ब्रिटेन सरकार ने की घोषणा

ब्रिटेन सरकार ने 11 मार्च 2019 को देश में रॉयल गोरखा राइफल्स की एक नई बटालियन स्थापित करने की घोषणा की. ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश में गोरखा सैनिकों की नियुक्ति इसी वर्ष शुरू हो जाएगी. रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 200 से अधिक वर्षों में गोरखा, ब्रिटिश सशस्त्र बलों का एक अभिन्न अंग रहे हैं. सभी गोरखा सैनिकों की भर्ती नेपाल में की जाएगी.

मंत्रालय ने कहा कि यह ब्रिटिश सेना को प्रदान की जाने वाली कुछ गोरखा इकाइयों जैसे यूके के नेतृत्व वाले नाटो एलाइड रैपिड रिएक्शन कॉर्प्स के सपोर्ट को भी बढ़ाएगा. इसके अलावा अतिरिक्त गोरखा इंजीनियर और सिग्नल स्क्वाड्रन की स्थापना की जाएगी.

भारत एवं अमेरिका भारत में संयुक्त रूप से 6 परमाणु उर्जा संयंत्र लगाने हेतु सहमत

भारत और अमेरिका के मध्य आयोजित सामरिक सुरक्षा वार्ता में 13 मार्च 2019 को भारत में छह परमाणु उर्जा संयंत्र लगाने के लिए सहमति जताई गई. दोनों देशों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वे सुरक्षा व असैन्य परमाणु सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत में छह परमाणु उर्जा संयंत्र लगायेंगे.

वॉशिंगटन में भारत और अमेरिका के बीच दो दिन तक हुई बातचीत के बाद इस पर सहमति व्यक्त की गई है. भारत की ओर से विदेश सचिव विजय गोखले और अमेरिका के स्टेट फॉर आर्म्स कंट्रोल एंड इंटरनेशनल सिक्योरिटी विभाग की अंडर सेक्रेटरी एंड्रिया थॉम्पसन ने इस चर्चा में भाग लिया था.

भारत में मेंढक की नई प्रजाति खोजी गई

भारतीय शोधकर्ताओं की टीम द्वारा हाल ही में दक्षिण-पश्चिम घाट पर मेंढक की नई प्रजाति की खोज की गई है. इस संबंध में एक अध्ययन रिपोर्ट PeerJ नामक साइंस जर्नल में प्रकाशित हुई है. खोजकर्ताओं द्वारा पश्चिमी घाट में रेंगने वाले और उभयचर जीवों की विविधता को उजागर करने के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण किया गया जिसमें मेंढक की इस प्रजाति के नमूने पाए गए हैं.

इस शोध को इंडियन साइंस इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु, फ्लोरिडा नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, पुणे तथा जॉर्ज वॉशिंगटन विश्वविद्यालय, अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया. इस सर्वेक्षण में पश्चिम घाट के विभिन्न ऊंचाई वाले स्थानों, अलग-अलग वर्षा क्षेत्रों, विविध प्रकार के आवासों में रहने वाले सरीसृपों और अन्य रेंगने वाले जीवों को शामिल किया गया था.

वायु प्रदूषण के कारण बढ़ जाता है मधुमेह का खतरा: अध्ययन

वायु प्रदूषण के कारण मधुमेह (डायबिटीज) का खतरा भी बढ़ जाता है. यह बात चीन में हुए एक शोध से सामने आई है. शोधकर्ताओं का दावा है कि वायु प्रदूषण और डायबिटीज के बीच सीधा संबंध है. लंबे समय तक प्रदूषित हवा से डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है.

मधुमेह से विश्वभर में काफी आर्थिक और स्वास्थ्य बोझ बढ़ता है. विश्वभर में चीन में मधुमेह के सबसे अधिक मामले हैं. वायु प्रदूषण के कारण मधुमेह को लेकर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन के लिए 15 प्रांतों से 88 हजार डाटा लिए गए थे. इस अध्ययन में वर्ष 2004 से वर्ष 2015 की अवधि में पीएम 2.5 के प्रभाव का अध्ययन किया गया.

UN में मसूद अजहर को ग्लोबल आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव रद्द, चीन ने फिर लगाया वीटो

चीन ने लगातार चौथी बार आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अज़हर को ग्लोबल आतंकी (Global Terrorist) घोषित होने से बचा लिया है. चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में इस प्रस्ताव के विरोध में अपने वीटो पावर (Veto Power) का इस्तेमाल कर ऐसा किया.

पुलवामा हमले के बाद तीन महाशक्तियों फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा मसूद अज़हर के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में लाए गए प्रस्ताव के खिलाफ चीन ने वीटो लगा दिया. इसके साथ ही यह प्रस्ताव रद्द हो गया. पिछले दस साल में यह चौथा मौका है, जब चीन ने मसूद अज़हर को वैश्विक आतंकी घोषित होने से बचाया है.

सरकार ने 'कंपनियों के उत्तरदायी कारोबार संचालन हेतु दिशा-निर्देश' जारी किए

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनियों की सामाजिक, पर्यावरणीय एवं आर्थिक जवाबदेही पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशा-निर्देश (एनवीजी), 2011 में संशोधन किए हैं और कंपनियों के उत्तरदायी कारोबार संचालन पर राष्ट्रीय दिशा-निर्देश (एनजीआरबीसी) तैयार किए हैं.

विगत दशक के दौरान ऐसे अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम हुए हैं, जिन्होंने कंपनियों को सतत रूप से और ज्यादा जवाबदेह बनने के लिए विवश किया है. इनमें कारोबार एवं मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत (यूएनजीपी) सबसे प्रमुख हैं.

यूनाइटेड किंगडम ने स्टीफन हॉकिंग के सम्मान में जारी किया नया ब्लैकहोल कॉइन

यूनाइटेड किंगडम ने हाल ही में स्टीफन हॉकिंग की स्मृति में एक नया ब्लैककोल कॉइन जारी किया। यह सिक्का स्टीफन हॉकिंग द्वारा ब्लैकहोल के सन्दर्भ में किये गये कार्य के लिए जारी किया गया है। यह एक स्मारक सिक्का है, यह मुद्रा चलन में नही होगी। इन सिक्के पर स्टीफन हॉकिंग का नाम लिखा हुआ है तथा ब्लैक होल का चित्र बनाया गया है। इस सिक्के को एडविना एलिस द्वारा डिजाईन किया गया है। यह सिक्का सोने तथा चांदी में उपलब्ध है। इस सिक्के की कीमत 55 से 795 पौंड है। इस सिक्के को यूनाइटेड किंगडम की रॉयल मिंट द्वारा जारी किया गया है। स्टीफन हॉकिंग का जन्म 8 जनवरी, 1942 को हुआ था। उन्हें मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों में से एक माना जाता था। वे एक सैद्धानिक भौतिकशास्त्री, कोस्मोलोजिस्ट तथा लेखक थे। उन्होंने ब्लैक होल, हॉकिंग रेडिएशन तथा कई अन्य भौतिक शास्त्र के सिद्धांतों के लिए जाना जाता है। 21 वर्ष की उम्र में इन्हें मोटर न्यूरॉन नामक एक गंभीर बीमारी हो गई थी। मोटर न्यूरॉन बीमारी के चलते इनके अधिकत्तर अंगों ने काम करना बंद कर दिया था और धीरे-धीरे इनका पूरा शरीर लकवाग्रस्त हो गया था। उनका निधन 14 मार्च, 2018 को हुआ था।

भारत और ओमान के बीच अल-नागाह संयुक्त सैन्य अभ्यास

अल-नागाह III भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास श्रृंखला का तीसरा संस्करण है। इसका आयोजन ओमान के जबल अल अख्दार पर्वतों में किया जा रहा है। इस युद्ध अभ्यास में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व गढ़वाल राइफल्स की 10वीं बटालियन द्वारा किया जा रहा है। जबकि ओमान की रॉयल आर्मी का प्रतिनिधित्व जबल रेजिमेंट द्वारा किया जा रहा है।अल नागाह I का आयोजन जनवरी 2015 में ओमान के मस्कट में किया गया था। जबकि अल नागाह II का आयोजन हिमाचल प्रदेश में मार्च 2017 में किया गया था। भारत-ओमान सुरक्षा सम्बन्धी पिछले कुछ वर्षों से मज़बूत हो रहे हैं और यह संयुक्त सैन्य अभ्यास इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब सौर ऊर्जा के जरिये ट्रेनों को दौड़ाने की है तैयारी

ग्रीन होने की राह पर बढ़ रहे रेलवे ने सोलर एनर्जी कारपोरेशन आॅफ इंडिया की मदद से प्लांट स्थापित कर ट्रेनों का परिचालन सौर ऊर्जा से करने की परियोजना तैयार की है। रेलवे बोर्ड ने देशभर में पटरियों के किनारे व विभागीय भूमि पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेज दिया है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर रेलवे की यह योजना दक्षिण मध्य रेलवे जोन में शुरू की जाएगी।

यंग ग्लोबल लीडर्स 2019 की सूची जारी

विश्व आर्थिक फोरम की फाउंडेशन “फोरम ऑफ़ यंग ग्लोबल लीडर्स” ने हाल ही में प्रतिभाशाली युवाओं की सूची जारी की। इस सूची में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को शामिल किया गया है। इस सूची में शामिल होने वाले भारतीय हैं, आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश, बीजेपी सांसद पूनम महाजन, शाओमी इंडिया के प्रमुख मनु कुमार जैन, तेलंगाना सरकार के चीफ इनोवेशन ऑफिसर फनीन्द्र समा, सेव लाइफ फाउंडेशन के पियूष तिवारी तथा कलेइदोफिन के सह-संस्थापक सुचरिता मुखर्जी। विश्व आर्थिक फोरम (WEF) एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, इसकी स्थापना क्लाउस श्वाब ने सार्वजनिक-निजी सहयोग के द्वारा विश्व की स्थित में सुधार के लिए की थी। इसकी स्थापना 1971 में की गयी थी। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में स्थित है।

एचजीएस और नैसकॉम बैंगलोर में पीडब्ल्यूडी के लिए उत्कृष्टता केंद्र शुरू करेगें

हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) ने डिफरेंटली एबल्ड पर्सन या दिव्यांग लोगो (पीडब्ल्यूडी) को प्रशिक्षण देने के लिए बेंगलुरु में उत्कृष्टता केंद्र शुरू करने के लिए नैसकॉम फाउंडेशन के साथ भागीदारी की, जो अगले 12 महीनों में उद्योग के लिए तैयार करने के लिए एक न्यूनतम 100 पीडब्ल्यूडी को प्रशिक्षित करेगा, जिसमें एक

लक्ष्य रखा जाएगा की उनमें से कम से कम 50% को उन कंपनियों में काम पर रखा जाएगा जो पहले से ही दिव्यांग लोगो को ले कर संवेदनशील है।

महात्मा गांधी का जीवन और समय लंदन पुस्तक मेले में प्रदर्शित

12 मार्च 2019 को, इंडिया पवेलियन का उद्घाटन विक्रम सहाय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव और लंदन बुक फेयर में प्रकाशन प्रभाग में महानिदेशक साधना राउत द्वारा किया गया था। लंदन बुक फेयर का आयोजन 12 मार्च से 14 मार्च 2019 तक किया जा रहा है। इंडिया पवेलियन महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर केंद्रित है और यह महात्मा गांधी के जीवन और समय के डिजिटल संस्करण को प्रदर्शित करता है।

सिरसी सुपारी को मिला भौगोलिक संकेत (GI) टैग

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले की सिरसी सुपारी को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया। सिरसी सुपारी का उत्पादन उत्तर कन्नड़ जिले के सिरसी, येल्लापुर तथा सिद्दापुर तालुक में उगाया जाता है। इन तीन तालुकों में प्रतिवर्ष 40,000 एकड़ क्षेत्र में 4 लाख सुपारी का उत्पादन किया जाता है।

भारत में छह परमाणु बिजलीघर बनाने के लिए अमेरिका राजी

भारत में छह परमाणु बिजलीघर बनाने के लिए अमेरिका के साथ समझौता हुआ है। इस समझौते से दोनों देशों के बीच सुरक्षा और नागरिक उपयोग के लिए परमाणु सहयोग और ज्यादा सुदृढ होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिका ने देरी न करते हुए परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भारत की सदस्यता के लिए मजबूती से पैरोकारी करने का एलान किया है। 48 सदस्यीय इस खास समूह में भारत के प्रवेश में चीन अड़ंगा लगा रहा है। इस सिलसिले में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भारतीय विदेश सचिव विजय गोखले और अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की अनु सचिव एंडिया थॉमसन ने संयुक्त रूप से की। दोनों देशों के बीच अक्टूबर 2008 में ऐतिहासिक परमाणु समझौता हुआ था। इसने दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयां दी थीं। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते तरक्की की राह पर हैं।

आइडीबीआइ बैंक बना अब निजी क्षेत्र का बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने आइडीबीआइ बैंक को निजी क्षेत्र के बैंक की श्रेणी में रख दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) के आइडीबीआइ बैंक में अधिकांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद यह कदम उठाया गया है। एलआईसी ने संकट में फंसे आईडीबीआई बैंक में नियंत्रणकारी 51 फीसद हिस्सेदारी का अधिग्रहण जनवरी में पूरा किया था। आरबीआइ ने एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक ने नियामकीय मकसद से

21 जनवरी 2019 से आइडीबीआइ बैंक को निजी क्षेत्र के बैंक की श्रेणी में रखा है। एलआइसी के आइडीबीआइ बैंक में चुकता शेयर पूंजी का 51 फीसद अधिग्रहण के बाद बैंक को निजी श्रेणी में डाला गया है।

सोना युक्ती को युवाओं को कौशल विकास में मदद करने के लिए एसईएन पुरस्कार

सोना युक्ती, एक कौशल विकास संस्थान, को दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में यंग प्रेसिडेंट्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा शिक्षा के लिए सोशल एंटरप्राइज नेटवर्क (एसईएन) स्थिरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह 2018 के एसईएन पुरस्कारों के हिस्से के रूप में चयनित होने वाला एकमात्र भारतीय संगठन है। सोना युक्ती को यह पुरस्कार 55,000 से अधिक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों, ज्यादातर महिलाओं की कौशल प्रदान करके मदद करने के लिए दिया गया।

वेद राही को कुसुमाग्रज राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार

प्रसिद्ध उपन्यासकार और फिल्म निर्देशक वेद राही को प्रतिष्ठित कुसुमाग्रज राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जो 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान करता है। वेद राही का जन्म 1933 में जम्मू में हुआ था और उन्होंने डोगरी भाषा में सात उपन्यास लिखे थे। उन्होंने हिंदी और उर्दू में भी लिखा। 1983 में उनके उपन्यास ‘आले’ के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया जो डोगरी भाषा में लिखा गया था। कुसुमाग्रज पुरस्कार मराठी कवि और नाटककार स्वर्गीय वी वी शिरवाडकर के नाम पर रखा गया है, जिन्हें कुसुमाग्रज के नाम से जाना जाता था।

महिलाओं की भागीदारी के सन्दर्भ में डाटा जारी

अंतरसंसदीय संघ ने हाल ही में राजनीती में महिलाओं की भागीदारी के सन्दर्भ में डाटा जारी किया, इसके अनुसार 2017 में विश्व में 7.2% महिला राष्ट्र प्रमुख थीं, 2018 में यह दर कम हो कर 6.6% पर पहुँच गयी है। 2017 में सरकार में महिला प्रमुखों की दर 5.7% थी, 2018 में यह कम होकर 5.2% हो गयी है। संसद में महिलाओं की वैश्विक भागीदारी में 1% की वृद्धि हुई, अब यह दर बढ़कर 24.1% हो गयी है। 1995 से 2018 के बीच संसद में महिलाओं की भागीदारी में 11% की वृद्धि हुई है। अंतरसंसदीय संघ की स्थापना 1889 में की गयी थी, यह एक वैश्विक अंतरसंसदीय संस्थान है। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में स्थित है। इसकी स्थापना फ्रेडरिक पैसी तथा विलियम रैंडल क्रेमर द्वारा की गयी थी। 178 देशों की राष्ट्रीय संसद इस संघ की सदस्य हैं।

केंद्र ने राज्य सरकारों से कहा: शत्रु संपत्तियों को सार्वजनिक उपयोग में लाया जा सकता है

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कुछ शत्रु संपत्तियों के उपयोग के लिए सार्वजनिक करने की अनुमति दी है, 1965 और 1971 के युद्धों के बाद पाकिस्तान और चीन के लिए भारत छोड़ने वाले लोगों ने ये जमीने छोडी थी।

पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला में 'स्टारी ड्वार्फ फ्रॉग' के रूप में ज्ञात मेंढक की एक नई प्रजाति खोजी

पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला में 'स्टारी ड्वार्फ फ्रॉग' के रूप में ज्ञात मेंढक की एक नई प्रजाति खोजी गई है। इसका नाम 'एस्ट्रोबैट्रैचस कुरिचियाना' रखा गया है और यह कुरिचियारमाला, केरल में पाया जाता है। इसका संतरंगी पेट है। इसकी पीठ भूरे रंग की है जो छोटे-छोटे धब्बों से ढकी है, जो इसे स्टारी स्काई जैसा दिखाती है।

राष्ट्रपति ने वीरता पुरस्कार प्रदान किये

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वीरता पुरस्कार प्रदान किये।इस बार 2 कीर्ति चक्र, 1 शौर्य चक्र, 15 परम विशिष्ट सेवा मैडल, 1 उत्तम युद्ध सेवा मैडल, 25 अति विशिष्ट सेवा मैडल तथा 14 शौर्य चक्र प्रदान किये गये। कीर्ति चक्र विजेता श्री ब्रह्मा पाल सिंह (मरणोपरांत), श्री राजेन्द्र कुमार नैन, कांस्टेबल (मरणोपरांत) हैं।

वायु प्रदूषण से बढ़ता है मधुमेह का खतरा

हाल ही में चीन में किये गये अध्ययन में यह पाया गया है कि वायु प्रदूषण के कारण मधुमेह का खतरा बढ़ता है। इस अध्ययन के लिए चीन के 15 प्रान्तों में 88,000 लोगों का डाटा एकत्रित किया गया। इस अध्ययन में 2004 से 2015 की अवधि में PM 2.5 के प्रभाव का अध्ययन किया गया।यह अध्ययन बीजिंग के फुवाई अस्पताल तथा अमेरिका के एमोरी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया। इस अध्ययन का प्रकाशन "एनवायरनमेंट इंटरनेशनल" नामक पत्रिका में किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 1 मिलियन लोगों की मृत्यु समय से पूर्व हो जाती है। PM 2.5 कणों के प्रभाव में 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की वृद्धि हो जाने के कारण मधुमेह रोग का खतरा 16% बढ़ जाता है।

यूरोपीय संघ ने 10 देशों को टैक्स ब्लैकलिस्ट में शामिल किया

हाल ही में यूरोपीय संघ ने 10 देशों को टैक्स ब्लैकलिस्ट में शामिल किया। इस सूची को सर्वप्रथम यूरोपीय संघ ने 2017 में तैयार किया था। इस सूची को पनामा पेपर्स तथा लक्सलीक्स जैसे विवादों के बाद तैयार किया गया था। इसके बाद यूरोपीय संघ ने कर चोरी के विरुद्ध करवाई करने का निर्णय लिया। सात देशों को ग्रेलिस्ट

से ब्लैकलिस्ट में डाल दिया गया है, यह सात देश हैं : अरुबा, बेलीज़, बरमूडा, फिजी, ओमान, वानुआतु तथा डॉमिनिका। तीन अन्य देशों बारबाडोस, संयुक्त अरब अमीरात और मार्शल आइलैंड को भी ब्लैकलिस्ट में शामिल किया गया है।

34वां अन्तरराष्ट्रीय आहार मेला प्रारम्भ

34वां अन्तरराष्ट्रीय आहार मेला दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहा है। यहां देश-विदेश से 560 भागीदार अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

चीन ने अज़हर मसूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित किये जाने पर आपत्ति जताई

चीन ने अज़हर मसूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित किये जाने पर आपत्ति जताई है। अज़हर मसूद पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख है। इसके लिए फ्रांस, अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम ने 27 फरवरी को प्रस्ताव पारित किया था। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य है। चीन ने आपत्ति दायर करने की डेडलाइन समाप्त होने से ठीक पहले आपत्ति दायर की।